आई टी एल पब्लिक स्कूल
पूर्व सामयिक परीक्षा-2 (2025-26)
उत्तरकुँजी विषय- हिंदी

दिनांक : दिसंबर 2025 | कक्षा: पंचम
समय : 1 घंटा | कुल अंक : 20
नाम:

सामान्य निर्देश- 1) इस प्रश्न -पत्र में 2 पृष्ठ, 3 भाग और कुल 7 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | | |
|---|---|---|
| | भाग क पठन कौशल | |
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में दीजिए।<br>भारत को स्वतंत्र करवाने में भारतीय नारियों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। स्वतंत्रता के आंदोलन में उन्होंने पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ऐसी नारियों में सरोजनी नायडू का नाम भी शामिल है। उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ। इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ-साथ एक वैज्ञानिक भी थे। सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं। सरोजनी को पुस्तकों से बड़ा प्रेम था। उनके हाथ में कोई न कोई पुस्तक रहती ही थी। बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी। वह गाती भी बहुत अच्छा थीं। जब वह मधुर स्वर में कविता पाठ करतीं तो उनके माता- पिता बड़े प्रसन्न होते। सरोजनी स्वयं भी कविता लिखने लगीं। तेरह वर्ष की उम्र में ही उन्होंने एक लंबी और सुंदर कविता लिखी, यह जानकर लोगों को बड़ा आश्चर्य हुआ। उन्होंने सरोजनी की बड़ी प्रशंसा की। | |
| | क) सरोजनी नायडू का जन्म कब और कहाँ हुआ था?<br>उत्तर: उनका जन्म 13 फरवरी 1879 को हैदराबाद में हुआ। | |
| | ख) सरोजनी नायडू की बचपन से किसमें रुचि थी?<br>उत्तर: बचपन से ही कविता पढ़ने में उनकी विशेष रुचि थी। | |
| | ग) नायडू के माता -पिता क्या थे?<br>उत्तर: इनके पिता संस्कृत के विद्वान होने के साथ-साथ एक वैज्ञानिक भी थे। सरोजनी की माता श्री मती वरदा सुंदरी भी सुशिक्षित महिला थीं। | |
| | घ) निम्नलिखित शब्दों के समानार्थक गद्यांश में से ढूँढ़कर लिखें।<br>क)तारीफ़ प्रशंसा ख)आज़ाद स्वतंत्र | |
| | भाग -ख भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में उचित सर्वनाम शब्द भरें।<br>(क) ——मैं— रोज़ खेलने जाऊँगा।<br>(ख) बच्चा —अपनेआप—— खेलने लगा।<br>(ग) यह चित्र किसने —— बनाया है ? | |

| | | |
|---|---|---|
| | (घ) आज हमारे घर ——कोई—— आने वाला है।<br>(ङ) ——मैं—— रोज़ सैर करने जाता हूँ। | |
| प्रश्न 3 | रेखांकित सर्वनाम शब्दों के भेद लिखिए।<br>(क) जिसे चीजें चाहिए वे आगे आएँ। संबंधवाचक सर्वनाम<br>(ख) उन्होंने क्या सामान खरीदा? प्रश्नवाचक सर्वनाम<br>(ग) हमें घूमने जाना हैं। पुरुषवाचक सर्वनाम<br>(घ) यह किसका घर है? यह निश्चयवाचक सर्वनाम किसका प्रश्नवाचक सर्वनाम<br>(ङ) तुम रोज़ सैर करने जाते हो। पुरुषवाचक सर्वनाम | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित शब्दों के लिए उचित वाक्यांश लिखिए।<br>(क) आस्तिक - जो ईश्वर में विश्वास रखे।<br>(ख) ऐतिहासिक - इतिहास से संबंध रखने वाला ।<br>(ग) साप्ताहिक - सप्ताह मे एक बार होने वाला ।<br>(घ)सत्यवादी -जो सदा सच बोले। | |
| प्रश्न 5 | रेखांकित शब्दों के लिए एक शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।<br>(क) श्री राम जी की मूरत मन को मोहने वाली है।<br>(क) श्री राम जी की मूरत मनामोहक है।<br>(ख) जो सामान बेचता है उससे अपनी पुस्तक खरीद लो।<br>(ख) विक्रेता से अपनी पुस्तक खरीद लो। | |
| | भाग- ग साहित्य कौशल | |
| प्रश्न 6 | कविता की पंक्तियाँ पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>चित्रकार ने कहा- हो गया आगे का तैयार।<br>अब मुँह आप उधर तो करिए जंगल के सरदार।<br>बैठ गया वह पीठ फिराकर चित्रकार की ओर।<br>चित्रकार चुपके से खिसका जैसे कोई चोर।<br>(क) ये पंक्तियाँ कौन- सी कविता से ली गई हैं व इसके कवि कौन है?<br>उत्तर: यह पंक्तियाँ 'चतुर चित्रकार' कविता से ली गई हैं व इसके कवि 'रामनरेश त्रिपाठी'हैं।<br>(ख) चित्रकार ने शेर को कैसे बैठने को कहा?<br>उत्तरः चित्रकार ने शेर को पीठ फिरा कर बैठने को कहा।<br>(ग) चित्रकार ने क्या किया?<br>उत्तरः चित्रकार अपना सामान लेकर चुपचाप से खिसक गया।<br>(घ) पंक्तियों में से तुकबंदी शब्द ढूँढकर लिखें।<br>ओर चोर | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न **7** | नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर **30-40** शब्दों में दें।<br>(क) मादा गैंडा कब और क्यों हिंसक हो जाती है?<br>उत्तर: मादा गैंडा अपने बच्चे के साथ होने पर हिंसक हो जाती है, क्योंकि वह अपने बच्चे की रक्षा करना चाहती है।<br>(ख) प्रथम दिन की यात्रा के बाद लेखक का मन क्यों नहीं भरा ?<br>उत्तर: प्रथम दिन की यात्रा के बाद लेखक का मन इसलिए नहीं भरा, क्योंकि वह काजीरंगा के पशु-पक्षियों और प्रकृति को और अधिक देखना चाहते थे।<br>(ग) भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रीय पक्षी अभयारण्य कौन-से हैं? किन्ही तीन के नाम लिखिए।<br>उत्तर: केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान)<br>सुल्तानपुर पक्षी अभयारण्य (हरियाणा)<br>नल सरोवर पक्षी अभयारण्य (गुजरात)<br>चिल्का झील (ओडिशा)<br>वेदांथंगल पक्षी अभयारण्य (तमिलनाडु) | |